INDIAN SCHOOL SOHAR **SET -2**

FORMATIVE ASSESSMENT -2 (2015-16)

कक्षा ः 10 **विषय ः हिन्दी (पाठ्यक्रम ब)** **पूर्णांक ः 20**

दिनांक ः -08-2015 **समय ः 40 मिनट**

निर्देश ः

1 इस प्रश्नपत्र में कुल **8** प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2 प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले उसका क्रमांक अवश्य लिखा जाए।

3 प्रश्नों के उत्तर यथासंभव क्रम से लिखिए।

प्रश्न - 1 अपठित गद्यांश ः **4**

पड़ोस सामाजिक जीवन के ताने–बाने का महत्वपूर्ण आधार है। दरअसल पड़ोस जितना स्वाभाविक है, हमारी सामाजिक सुरक्षा के लिए तथा सामाजिक जीवन की समस्त आनंदपूर्ण गतिविधियों के लिए वह उतना ही आवश्यक भी है। यह सच है कि पड़ोसी का चुनाव हमारे हाथ में नहीं होता, इसलिए पड़ोसी के साथ कुछ–न–कुछ सामंजस्य तो बिठाना ही पड़ता है। हमारा पड़ोसी अमीर हो या गरीब, उसके साथ संबंध रखना सदैव हमारे हित में ही होता है। पड़ोसी से परहेज़ करना अथवा उससे कटे–कटे रहने में अपनी ही हानि है, क्योंकि किसी भी आकस्मिक आपदा अथवा आवश्यकता के समय अपने रिश्तेदारों अथवा परिवार वालों को बुलाने में समय लगता है। यदि टेलीफोन की सुविधा भी है तो भी कोई निश्चय नहीं कि उनसे समय पर सहायता मिल ही जायेगी। ऐसे में पड़ोसी ही सबसे अधिक विश्वस्त सहायक हो सकता है। पड़ोसी चाहे कैसा भी हो, उससे अच्छे संबंध रखने ही चाहिए। जो अपने पड़ोसी से प्यार नहीं कर सकता, उससे सहानुभूति नहीं रख सकता, उसके साथ सुख–दुख का आदान–प्रदान नहीं कर सकता तथा उसके शोक और आनंद के क्षणों में शामिल नहीं हो सकता, वह भला अपने समाज अथवा देश के साथ क्या खाक भावनात्मक रूप में जुड़ेगा ! विश्व–बंधुत्व की बात भी तभी मायने रखती है जब हम अपने पड़ोसी से निभाना सीखें।

ऊपर दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

प्रश्न - अ) सामाजिक जीवन के लिए पड़ोस का क्या महत्व है ?

प्रश्न - ब) पड़ोसी के साथ संबंध रखना हमारे हित में किस तरह से है ?

प्रश्न - स) पड़ोसी से निभाना कैसे सीख सकते हैं ?

प्रश्न - द) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिये।

प्रश्न -2 रेखांकित पदों के भेद लिखिए । **1**

मयंक **वहाँ** बैठेगा **और** अपना काम करेगा।

प्रश्न- 3 निम्नलिखित मुहावरे का प्रयोग करके वाक्य बनाइए । **1**

पापड़ बेलना

प्रश्न- 4 निम्न वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए । **2**

अ) नेता परस्पर आपस में दोषारोपण करते हैं।

ब) मेरा माताजी पूजा करता है।

प्रश्न -5 पुलिस कमिश्नर तथा कौंसिल के नोटिस में आप क्या अंतर पाते हैं ? डायरी का एक पन्ना पाठ के आधार पर बताइए। **3**

प्रश्न - 6 साँवरिया के दर्शन पाने के लिए मीरा क्या -क्या उपाय करना चाहती हैं ? मीरा के दूसरे पद के आधार पर स्पष्ट कीजिए। **3**

प्रश्न - 7 हरिहर काका के मामले में गाँव वालों की क्या राय थी और उसके क्या कारण थे ? हरिहर काका नामक पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। **3**

प्रश्न - 8 विज्ञापन लेखन **3**

आप **टाइमन** नामक घड़ी का उत्पादन करते हैं। इस उत्पाद के प्रचार हेतु एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

....